हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

13 पेपर लीक पर एसएफआई का लघु सचिवालय पर...

14 किरमारा गांव में बिजली के खंभे व तार लगाने का...

खबर संक्षेप

584 वाहनों का चालान 5 वाहन किए इम्पाउंड

हिसार। सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान विभिन्न यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कुल 584 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर पांच वाहनों को इम्पाउंड किया गया। यह कार्रवाई बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, खतरनाक ड्राइविंग, बिना वैध दस्तावेज वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई।

अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीम ने अलग-अलग मामलों में अवैध हथियारों सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनसे दो अवैध पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान सैनियान मोहल्ला निवासी भव्य व महाबीर कॉलोनी निवासी गगन उर्फ़ आदि के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी पीएसआई करण सिंह ने बताया कि उनकी टीम के एएसआई प्रहलाद सिंह मोहल्ला डोगरान पुलिस चौकी क्षेत्र में सब्जी मंडी पुल के नीचे से एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।उनकी दूसरी टीम के एएसआई सुरेन्द्र सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ घोड़ा फार्म एरिया में गश्त पर थे। इस दौरन घोड़ा फार्म के पास से एक युवक को शक के आधार पर काबू करके तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपियों पर संबंधित पुलिस थानों में केस दर्ज कर लिए गए हैं।

मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

हिसार। सदर पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दाहिमा निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में दाहिमा निवासी सुशील कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 17 जून को गांव दाहिमा स्थित पुराने हनुमान मंदिर के पास कूड़ा-कचरा डालने की बात को लेकर उसका और आरोपी राजेश का विवाद हो गया। आरोप है कि राजेश ने शिकायतकर्ता व उसके ताऊ के लड़के सुरेश के साथ गाली-गलौज की तथा हाथ में लिए पेंट के डिब्बे का पेंट उनके ऊपर फेंका। इसके बाद आरोपी ने नुकीले पेचकस से हमला कर दोनों को चोटें पहुंचाई। घटना में एक अन्य आरोपी विकास ने भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त शिकायत, गवाहों के बयान एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज करके जांच करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

स्वच्छता नियम तोड़ने पर निगम ने काटे 4 चालान

हिसार। शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने ऋषि नगर और मलिक चौक पर दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर चार दुकानदारों के चालान किए। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया।

जल आंदोलन: 6 नामजद और 500 अन्य पर केस दर्ज

चानौत में अवैध टी कनेक्शन हटाया, विवाद बढ़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी के चानौत गांव में पेयजल संकट को लेकर पिछले 39 दिनों से चल रहा आंदोलन अब प्रशासन और ग्रामीणों के बीच टकराव का बड़ा मुद्दा बन गया है। सोमवार देर रात जिला प्रशासन और पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन पर लगाए गए टी-कनेक्शन को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर 500 अन्य पर केस दर्ज किया है। इसके बाद विवाद और गहरा गया। प्रशासन का दावा है कि मुख्य जलापूर्ति लाइन पर लगाया गया यह टी-कनेक्शन पूरी अवैध था और शहर की पेयजल व्यवस्था को प्रभावित कर सकता था, इसलिए कानून के तहत इसे हटाया गया।

धरना कमेटी के सदस्य आरोप लगा रहे हैं कि यह कनेक्शन उच्च अधिकारियों की सहमति और ग्रामीणों को दिए गए आश्वासन के आधार पर लगाया गया था, जिसे हटाकर सरकार ने वादाखिलाफी की है। इस बीच डीसी राहुल नरवाल और हिसार रेंज के आईजी कुलदीप कुमार ने स्पष्ट किया है कि चानौत के लिए अलग समर्पित पेयजल लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जा चुका है इसके बावजूद ग्रामीण 26 जून से फिर आमरण अनशन की चेतावनी दे चुके हैं, जिससे विवाद के और बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हिसार रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कुलदीप कुमार ने भी मंगलवार को एसपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जल संकट से जुड़े मुद्दे और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रशासन का पक्ष स्पष्ट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है, लेकिन कानून हाथ में लेने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

युद्धस्तर पर चल रहा है लाइन बिछाने का काम

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि भाखड़ा नहर से हांसी शहर के लिए बिछाई जा रही जल आपूर्ति पाइपलाइन में अवैध रूप से टी-कनेक्शन किया गया था जो पूरी तरह गैरकानूनी है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर सभी नियमों की पालना करते हुए अवैध रूप से लगाई गई टी को हटवा कर कब्जे में लिया गया है। शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही इस मुख्य पाइपलाइन से किसी भी प्रकार का अवैध कनेक्शन करना कानून का उल्लंघन है और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी राहुल नरवाल ने मंगलवार दोपहर उपायुक्त कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चानौत गांव के नागरिकों को हर हाल में पर्याप्त मात्रा में भाखड़ा नहर का स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए राजली हेड से चानौत गांव तक नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। यह कार्य युद्धस्तर पर जारी है और आगामी लगभग तीन माह के भीतर गांव के प्रत्येक घर तक पर्याप्त स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीसी ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अलग समर्पित पाइपलाइन बिछाने का दिया है प्रस्ताव

आईजी ने बताया गया कि संबंधित गांव में लंबे समय से चल रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने राजली हेड अथवा खरखड़ी ब्रांच से एक अलग एवं समर्पित पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव दिया है। अधिकारियों के अनुसार इस योजना के तहत उपलब्ध कराया जाने वाला स्वच्छ पेयजल गांव की वर्तमान आबादी की आवश्यकता से भी अधिक होगा। आईजी कुलदीप कुमार ने बताया कि हाल ही में कुछ लोगों द्वारा मुख्य जल पाइपलाइन में अवैध रूप से 'टी' लगाकर कनेक्शन लेने का प्रयास किया गया था। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए देर रात कार्रवाई करते हुए इस अवैध निर्माण को हटवा दिया। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक एवं शरारती तत्वों ने ग्रामीणों को गुमराह कर अवैध गतिविधियों के लिए उकसाने का कार्य किया है, जिसकी गहन जांच की जा रही है।

बाडोपट्टी टोल पर आईडी मांगी तो शिफ्ट इंचार्ज को स्कॉर्पियो से कुचल दिया

एक झटके में खत्म हो गया परिवार का सहारा

- शुक्ला कई साल से टोल प्रबंधन से जुड़ी कंपनी में कर रहे थे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर 130 रुपये के टोल शुल्क को लेकर शुरू हुआ विवाद एक झटके में कुछ ही मिनटों में एक परिवार की जिंदगी में ऐसा अंधेरा छोड़ गया, जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो सकेगी। टोल शिफ्ट इंचार्ज संजय शुक्ला की मौत केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं है, बल्कि एक परिवार के सहारे, एक बेटी के सपनों और एक पत्नी की उम्मीदों का अचानक टूट जाना है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी संजय शुक्ला पिछले कई वर्षों से टोल प्रबंधन से जुड़ी कंपनी में कार्यरत थे। परिवार के लोगों के अनुसार उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी मेहनत, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ नौकरी करते हुए बिताई। उनका अधिकांश समय घर से दूर ड्यूटी पर गुजरता था, लेकिन उनकी हर कोशिश परिवार को बेहतर जीवन देने की होती थी। अब वही परिवार अचानक गहरे संकट में खड़ा है।

टोल के लाइजनिंग अधिकारी अमित कुमार का कहना है कि संजय शुक्ला की शिफ्ट खत्म हुई थी और तभी रूपेश मौर्या की शिफ्ट शुरू हुई थी। इसी दौरान विवाद होने पर स्कॉर्पियो सवार कुछ युवकों ने गाड़ी बैक कर संजय को कुचलकर मार डाला। पुलिस ने रुपेश मौर्या की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना के बाद सामने आए वीडियो में कुछ युवक खुद को गांव बहबलपुर का निवासी बताते हुए टोल फ्री निकलने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है और एक आरोपी को राउंडअप किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे संजय शुक्ला

परिजनों का कहना है कि संजय शुक्ला परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनकी कमाई से ही घर का खर्च चलता था और बेटी की पढ़ाई का सपना आगे बढ़ रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि वर्षों की मेहनत के बाद आने वाले समय में उनकी जिम्मेदारियां कुछ कम होंगी, लेकिन एक हिंसक घटना ने सारे सपनों को अधूरा छोड़ दिया। घटना के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की मोर्च्युरी के बाहर मौजूद परिजनों की आंखों में केवल आंसू ही नहीं, बल्कि भविष्य की चिंता भी साफ दिखाई दे रही थी। परिवार के लोग बार-बार यही सवाल पूछ रहे थे कि आखिर एक मामूली विवाद इतनी बड़ी त्रासदी में कैसे बदल गया। उनका कहना है कि यदि समय रहते संयम बरता जाता तो आज संजय उनके बीच होते।

बेटी के भविष्य पर सवाल

संजय शुक्ला की मौत के बाद सबसे बड़ी चिंता उनकी बेटी के भविष्य को लेकर है। जिस पिता ने उसके बेहतर कल के लिए वर्षों तक मेहनत की, वह अब उसके साथ नहीं है। परिवार के सामने अब शिक्षा, पालन-पोषण और आर्थिक स्थिरता की चुनौती खड़ी हो गई है।

समाज के सामने गंभीर सवाल छोड़ गई वारदात

यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि समाज के सामने खड़ा एक गंभीर सवाल भी है। सड़क पर, टोल प्लाजा पर या सार्वजनिक स्थानों पर छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता आक्रोश कई बार ऐसी घटनाओं को जन्म दे देता है, जिनका खामियाजा निर्दोष परिवारों को भुगतना पड़ता है। कुछ मिनटों का गुस्सा किसी की पूरी जिंदगी छीन सकता है। आज संजय शुक्ला नहीं हैं, लेकिन उनके पीछे छूटा परिवार न्याय के साथ-साथ सुरक्षा और सहारे की उम्मीद लगाए बैठा है। एक बेटी अपने पिता की राह देख रही है, जो अब कभी घर नहीं लौटेंगे। यह घटना याद दिलाती है कि किसी भी विवाद की कीमत किसी इंसान की जिंदगी नहीं हो सकती। 130 रुपये का विवाद खत्म हो गया, लेकिन उससे पैदा हुआ दर्द शायद इस परिवार के जीवन से कभी खत्म नहीं होगा।

20 लाख मुआवजे के बाद ही उठाएंगे शव: परिजन

अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की मोर्च्युरी के बाहर परिजनों का दर्द साफ दिखाई दिया। परिवार के लोगों को शोक के साथ भविष्य की चिंता भी परेशान कर रही थी। संजय के साले बृजेश ने बताया कि उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा कि जो व्यक्ति रात को ड्यूटी पर गया था, वह अब कभी वापस नहीं लौटेगा। परिजनों ने कंपनी से 20 लाख रुपये मुआवजा, पीएफ और अन्य देय लाभ देने की मांग की है। उनका कहना है कि संजय ने करीब दो दशक तक कंपनी की सेवा की है। ऐसे में उनके निधन के बाद परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। इसी मांग को लेकर परिजनों ने शव लेने से भी इंकार कर दिया। बृजेश का भाई हैदराबाद में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उसकी एक बेटी भी है।

ठेकेदारी में ₹35 लाख का घाटा होने पर गोली मार की खुदकुशी

- कृष्णा नगर में वारदात, बीएंडआर विभाग में करता था ठेकेदारी

हिसार। मौके पर पहुंची पुलिस।

हिसार। ठेकेदारी में हुए नुकसान की परेशानी के चलते शहर के कृष्णा नगर में ठेकेदार ने मंगलवार की दोपहर को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। लगभग 30 वर्षीय अमन शर्मा ठेकेदार का काम करता था। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे, जहां युवक खून से लथपथ बेड पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मौके पर पहुंची पुलिस के अनुसार, अमन ने अपने कमरे में माथे पर गोली मारी थी। घटनास्थल से गोली का खोल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि अमन पहले बीएंडआर विभाग में ठेकेदारी का काम करता था। कारोबार में करीब 35 लाख रुपए का नुकसान होने के बाद उसने ठेकेदारी छोड़ दी थी। इसके बाद वह अपने पिता के साथ दुकान पर काम करने लगा था। लगभग एक महीने पहले वह हिमाचल प्रदेश से अपनी लाइसेंसी 12 बोर बंदूक लाया था, जिसका लाइसेंस भी हिमाचल प्रदेश से ही बना था। परिजनों के अनुसार अमन आमतौर पर सुबह जल्दी उठकर तैयार हो जाता था। हालांकि, मंगलवार को वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया। उसने अपने पिता अरुण शर्मा को अकेले ही दुकान पर भेज दिया। दोपहर 12 बजे बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिजन तुरंत कमरे में पहुंचे और अमन को बेड पर पड़ा पाया। मृतक के पिता अरुण शर्मा ने बताया कि अमन ने परिवार को कभी किसी परेशानी या तनाव के बारे में नहीं बताया था। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि अमन किसी अवसाद से गुजर रहा था। अमन परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। पुलिस के अनुसार मामले की सभी पहलुओं से गहन जांच की जा रही है।

कार-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हांसी। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढाणी कुतुबपुर फ्लाईओवर से पहले लालपुरा कट के पास हादसे में सिरसा निवासी एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक बाइक पर हिसार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा नागरिक अस्पताल में परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिरसा निवासी विक्रम व साहिल बाइक पर सवार होकर हिसार की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक समेत उछल कर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे।

हादसे में सिरसा के इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी 33 वर्षीय विक्रम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने डायल-112 और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन सहायता पहुंचने में कुछ समय लग गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एडवोकेट सोनू राजोरिया ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को अपनी गाड़ी से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल साहिल को प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया।

राजपुरा के पास कार की टक्कर से गई बाइक सवार किसान की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद। राजपुरा के पास सड़क हादसे के बाद गड्ढों में पलटी कार और इनसेट में मृतक सतबीर सिंह।

हांसी-चंडीगढ़ सड़क मार्ग पर राजपुरा के पास गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर गड्ढों में जाकर पलट गई। वहीं गाड़ी के एयरबैग खुलने की वजह से गाड़ी सवार तीन युवक बाल-बाल बच गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को हांसी के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया। हांसी-चंडीगढ़ सड़क मार्ग पर मंगलवार को गांव राजपुरा के पास जींद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक सवार राजपुरा निवासी किसान 59 वर्षीय सतबीर उर्फ बिल्लू को सीधी टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार व्यक्ति सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। टक्कर लगने से कार चालक भी नियंत्रण खो बैठा।

पेड़ से टकराकर गड्ढों में पलटी कार

कार सड़क किनारे खड़े सफेदे के पेड़ से जा टकराई और गड्ढों में गिरकर पलट गई। गाड़ी में सवार हांसी निवासी 21 वर्षीय मोहित, 22 वर्षीय डोनी ओर महम निवासी 21 वर्षीय रितिक गाड़ी में फंस गए। गाड़ी के एयरबैग खुलने की वजह से उनकी जान बाल-बाल बच गई। हादसा इतना भयानक था कि इसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। गाड़ी को पलटा देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से गाड़ी में फंसे तीनों युवकों को बाहर निकाला और उपचार के लिए हांसी के अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे की सूचना मिलते ही नारनौंद पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि सतबीर के भाई कुलदीप के बयान पर गाड़ी में सवार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हादसे के वक्त पूजा करने मंदिर जा रहा था सतबीर

मृतक के भाई कुलदीप ने बताया कि सतबीर उर्फ बिल्लू हर रोज की तरह पूजा करने के लिए खेत में बने घर से गांव के मंदिर में जा रहा था। मृतक सतबीर तीन बेटों का पिता है और तीनों ही शादीशुदा हैं। मृतक सतबीर खेती बाड़ी का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था और उसकी पत्नी की कुछ साल पहले ही मौत हो चुकी है।

पेट्रोल पंप का सेल्समैन ही निकला लूट का मास्टरमाइंड, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जींद-हांसी रोड पर लूटी थी नकदी

पुलिस ने जींद रोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर सोमवार अलसुबह हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन भी शामिल है, जिसने साथियों ये मिलकर वारदात की साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि में से 20 हजार रुपये व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। शेखपुरा चौकी और थाना सदर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। उप निरीक्षक जयसिंह ने बताया कि 22 जून को जींद जिले के जुलाना निवासी जितेंद्र की शिकायत पर थाना सदर हांसी में लूट का मामला दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि जींद-हांसी रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर ड्यूटी के दौरान कुछ अज्ञात युवकों ने उसके साथ मारपीट कर नकदी लूट ली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनसे खुलासा हुआ कि पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन दीपक निवासी श्याम नगर, हांसी ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की पूरी योजना बनाई थी। दीपक ने अपने साथियों को पेट्रोल पंप पर मौजूद नकदी और वहां की परिस्थितियों की जानकारी उपलब्ध करवाई थी, जिसके आधार पर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दीपक के अलावा ढाणा कलां निवासी आशीष निवासी, अमन उर्फ मिथुन तथा खेड़ी गगन निवासी अमन उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लूटी गई राशि में से 20 हजार रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सीएमओ ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

35 डॉक्टर नदारद, कारण बताओ नोटिस जारी

जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो होगी विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में सीएमओ के औचक निरीक्षण में 35 से ज्यादा डॉक्टरों के गायब पाए जाने का मामला सामने आया है। नदारद मिले चिकित्सकों से जवाब मांगा गया है और जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर उन पर कार्रवाई संभावित है।

बताया जा रहा है कि सीएमओ डॉ. सपना गहलावत ने गत दिनों नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके इस निरीक्षण ने पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा दिया है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल से एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 35 डॉक्टर्स अपनी ड्यूटी से नदारद मिले। बताया जा रहा है कि जिले के नागरिक अस्पताल में कुल 65 डॉक्टर हैं। आधे से ज्यादा डॉक्टरों के गायब होने से विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद सीएमओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी लापरवाह डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

सीएमओ ने निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर जनरल को भेज दी है। विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी गैर-हाजिर डॉक्टरों को नोटिस थमाकर दो दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। अगर डॉक्टरों का जवाब संतोषजनक नहीं मिला, तो उनके खिलाफ गंभीर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रा है कि एक सूचना के बाद जैसे ही सीएमओ औचक निरीक्षण के लिए पहुंची तो, अस्पताल स्टाफ के हाथ-पांव फूल गए। एक के बाद एक कई ओपीडी और वार्डों से डॉक्टर नदारद मिले। एक साथ 35 डॉक्टरों के गायब होने से दूर-दराज से आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई विभागों में लंबी लाइनें लगी रहीं। इस खुलासे के बाद प्रदेश सरकार के उन दावों पर सीधे सवाल खड़े हो गए हैं, जिनमें 24 घंटे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की बात कही जाती है।

सिविल अस्पताल की पीएमओ डॉ. रीना का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों में आने वाले जवाबों की समीक्षा सीधे उच्च अधिकारियों द्वारा की जाएगी। बिना किसी पूर्व सूचना या ठोस वजह के गायब रहने वाले डॉक्टरों पर गाज गिर सकती है। अभी तक 35 में से 12 डॉक्टरों ने जवाब भेज दिए हैं। कुछ का कहना था कि हम मेडिकल कैंप में थे। कुछ लीव पर थे और कुछ ईवनिंग शिफ्ट में थे।

बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

नई दिल्ली। बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

लाइफ Style

अनुष्का

कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

हॉलीवुड मसाला

डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

लॉस एंजिल्स। एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।

एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

लॉस एंजिल्स। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।

बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

मुंबई। बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।

वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

मुंबई। 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

टीवी मसाला

तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'

नई दिल्ली। 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

मुंबई। हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे।

इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...

नई दिल्ली। बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि

कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शक धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वाली लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।

बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।

खबर संक्षेप

आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया

हिसार। सदर पुलिस ने छीना-झपटी के मामले में संलिप्त आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बाडो पट्टी निवासी सचेत ने शिकायत दी थी कि एक व्यक्ति ने स्वयं को बाबा बताकर उससे चांदी का कड़ा, सोने की चेन तथा सोने की अंगूठी छीन ली थी। मामले की जांच के दौरान आरोपी की पहचान भिवानी जिले के दिनोद निवासी दीवान के रूप में हुई। आरोपी वर्तमान में अन्य मामले में जेल में बंद था।

अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

हिसार। पुलिस की सवैट टीम-2 ने काबरेल क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं रेड अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने काबरेल गांव के बलराज को दो पेटी देसी शराब सहित काबू किया। आरोपी के कब्जे से बरामद शराब के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर उसके विरुद्ध थाना आदमपुर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

नशा मुक्त जीवन अपनाने का किया आह्वान

हांसी। जिला को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर से चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को जगदीश कॉलोनी में एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और क्षेत्रवासियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। एसडीएम ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि उसके परिवार, समाज को भी प्रभावित करता है।

13 पेट्टी अवैध देशी शराब सहित पकड़ी कार

हिसार। पुलिस की पीसीआर-11 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पीसीआर-11 के प्रभारी एएसआई बलजिंदर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक बलेनो कार में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव खरड़ के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध बलेनो कार को जांच के लिए रोका। पुलिस को देखकर आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 13 पेटी अवैध शराब मार्का माल्टा मस्ती बरामद हुई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

एनआईए एक्ट मामले में पीओ काबू

हिसार । शहर थाना पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जींद जिले के भोंगरा निवासी अमित के रूप में हुई है। आरोपी एनआईए एक्ट में अदालत से पीओ घोषित था। उसे अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जमानत पर रिहा किया गया।

पांच घंटे बंद रहा बसों का नाइट संचालन

हिसार। राज्य परिवहन के हिसार डिपो में लगभग पांच घंटे तक नाइट पर जाने वाली बसों के बंद रहने के बाद रात नौ बजे दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद बसों का नाइट संचालन शुरू हुआ। इससे पहले सांझा संघर्ष समिति के आह्वान पर कर्मचारियों ने दोपहर तीन बजे से नाइट पर जाने वाली बसों का संचालन रोक दिया और जीएम कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। इस दौरान सांझा संघर्ष समिति के प्रदेश स्तरीय नेता भी मौजूद रहे। साझा संघर्ष समिति के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने पूर्व घोषित फैसले के तहत मांगों एवं समस्याओं का समाधान न होने पर दोपहर बाद बसों का संचालन रोक दिया। कर्मचारियों ने जीएम कार्यालय के समक्ष धरना देकर नारेबाजी की। बाद में महाप्रबंधक राहुल मित्तल व सांझा संघर्ष समिति ने समिति के मांग पत्र पर हुई कार्रवाई का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि 8 जुलाई तक टीए के पैसे कर्मचारियों के खाते में आने शुरू हो जाएंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सांकेतिक पुतले का किया दहन

पेपर लीक के खिलाफ एसएफआई ने किया लघु सचिवालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसारा

जिले के ढाणी खान बहादुर गांव की 19 वर्षीय होनहार छात्रा सिमरन ने नीट पेपर लीक की वजह से गहरे तनाव में आकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। सिमरन डॉक्टर बनना चाहती थी। उसने महीनों रात-दिन एक करके पढ़ाई की, लेकिन जब यह पता चला कि जिस परीक्षा के लिए उसने अपना सब कुछ झोंक दिया वह परीक्षा भ्रष्टाचार और धांधली की भेंट चढ़ गई, तो वह इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सकी।

इस दर्दनाक और आक्रोशजनक घटना के विरोध में छात्र फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), हरियाणा ने लघु सचिवालय हिसार पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सांकेतिक पुतले का दहन किया। इस प्रदर्शन में एसएफआई के राष्ट्रीय नेतृत्व सहित हरियाणा के सैंकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए और एक आवाज में मांग उठाई। एसएफआई के जिला प्रधान निखिल राजली ने प्रदर्शन में सरकार को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त नहीं किया तो एसएफआई के झंडे तले देश और प्रदेश में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात एसएफआई ने तहसीलदार के माध्यम से जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की कि इन सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

हिसार। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सांकेतिक पुतले को जलाते एसएफआई के कार्यकर्ता।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड आदर्श एम. साजी, राष्ट्रीय सहसचिव कॉमरेड आईशी घोष और एसएफआई दिल्ली स्टेट कमेटी के सदस्य कॉमरेड सखी, एसएफआई हरियाणा के राज्य सचिव सुखदेव बूरा विशेष रूप से इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

35 किलो 280 ग्राम गांजा बरामदगी मामले का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

नारनौंद । सीआईए नारनौंद पुलिस ने 35 किलो 280 ग्राम गांजा बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर 9 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। उप निरीक्षक धर्मबीर ने बताया कि वर्ष 2025 में एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा थाना सदर हांसी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 35 किलो 280 ग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने गांजा तस्करी से जुड़े नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए मामले के मुख्य सप्लायर की पहचान की। जांच में सामने आया कि गांव कुम्भा निवासी धर्मबीर इस खेप की सप्लाई से जुड़ा हुआ था और नशीले पदार्थों की तस्करी में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। वारदात के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। सीआईए टीम ने सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मबीर को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

रिमांड में बड़े खुलासे संभव

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसे 9 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गांजा खरीद-फरोख्त के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क, अन्य सहयोगियों तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण, सामान किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसारा

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का विशेष अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को निगम टीम ने मलिक चौक से एचएयू 2 नंबर गेट तक अतिक्रमण से अभियान की शुरूआत की। इसके बाद टीम ने घोड़ा फार्म रोड पर एक दुकानदार के द्वारा सड़क किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ दुकानदारों के सामान भी जब्त किए गए।

इसके बाद टीम ने मलिक चौक लेकर परिजात चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ टीम ने परिजात चौक से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सिरसा चुंगी सड़क पर रेहड़ी को हटाया गया। इसके बाद टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 12 क्वार्टर रोड दुकानदार के सामने से रेहड़ी को हटाया गया। इसके अलावा टीम ने राजगुरु मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट, रेलवे रोड से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने लक्ष्मीबाई चौक से लेकर जिंदल चौक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

हिसार। अतिक्रमण न करने की हिदायत देते निगम कर्मी। फोटो : हरिभूमि

कैडेट्स ने सैन्य ज्ञान एवं खेलों में दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा

हिसार। द रॉयल सैनिक विद्यापीठ, रावलवास में 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया के नेतृत्व में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-178 में कैडेट्स को विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रदान किए गए। कैप्टन माया ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. रोहित कुमार ने बागवानी एवं उसके लाभ विषय पर पर्यावरण संरक्षण तथा पौधारोपण के महत्व से अवगत कराया। कैडेट्स को भारतीय सेना के विभिन्न बैज एवं रैंक तथा संचार के प्रकारों की भी जानकारी दी गई। खेल गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित रस्साकशी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

छाजू राम लॉ कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, अंतिम तिथि 30 जुलाई

एलएलबी व एलएलएम में मेरिट के आधार पर होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसारा

छाजू राम विधि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एलएलबी एवं एलएलएम कोर्सेज में दाख़िला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि एलएल.बी. तीन वर्षीय तथा एलएल.एम. दो वर्षीय कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन दोनों कोर्सेज में दाख़िला लेने की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके अलावा बी.ए. एलएल.बी. पांच वर्षीय कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई है। ऐसे में इच्छुक विद्यार्थियों को समय पर आवेदन सुनिश्चित करना चाहिए। एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का ग्रेजुएशन अथवा मास्टर्स में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि एससी एवं एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

छाजू राम कॉलेज एक प्रतिष्ठित संस्थान

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने जानकारी देते हुए बताया कि छाजू राम विधि महाविद्यालय, गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्ध एक प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालय है। संस्थान की स्थापना वर्ष 2003 में एलएल.बी. तीन वर्षीय कोर्स के साथ की गई थी। इसके बाद वर्ष 2009 में बी.ए. एलएल.बी. पाँच वर्षीय कोर्स प्रारंभ किया गया। वहीं, वर्ष 2020 में एलएल.एम. दो वर्षीय कोर्स की शुरुआत कर विधि शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़े गए।

सरकार ने श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

जांगड़ा धर्मशाला में मंगलवार को हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष रोहतास जांगड़ा के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रोहतास जांगड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए लगातार जनहितकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर सोनू जांगड़ा, बनारसी दास जांगड़ा, राजेंद्र सिंह जांगड़ा, महा सिंह जांगड़ा, बनी सिंह जांगड़ा, रोशन लाल जांगड़ा, अमित जांगड़ा, लीलू राम जांगड़ा, ब्रह्मानंद जांगड़ा, राधेश्याम जांगड़ा, प्रवीण जांगड़ा, बुधराम जांगड़ा, सतबीर जांगड़ा, त्रिलोक जांगड़ा, रामनिवास पांचाल, रघुवीर जांगड़ा, कृष्ण जांगड़ा, संजय जांगड़ा, दलवीर जांगड़ा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हथेली पर जगाई गई जोत के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हिसार प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में चल रहे श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ हिस्सा लिया। बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर जगाई गई बाबा की ज्योति के दर्शन करके भक्तगण निहाल हो गए। श्याम बाबा की आराधना करते हुए भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए ज्योति को जागृत किया गया है। श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान आयोजित किए गए अखंड ज्योति पाठ में भी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इसके साथ ही ताली कीर्तन में भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा के भजन सुनकर भक्तगण श्रद्धावश झूमने व नाचने लगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान 25 जून तक चलेगा। हथेली पर जागृत की गई ज्योति के दर्शन भक्तगण दिन या रात में किसी भी समय कर सकते हैं।

नागरिक स्वस्थ होंगे तो देश विकास के रास्ते पर दौड़ेगा

नारनौंद । गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का 13वें दिन का शुभारंभ समाजसेवी सुखबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर आर्य समाज के कोषाध्यक्ष राममेहर, योग शिक्षक सुनील, योग शिक्षक रवि दलाल, आंगनवाड़ी वर्कर रोशनी देवी और बास महिला तहसील प्रभारी विद्या रानी आदि मौजूद रही। जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने ओम के उच्चारण के साथ मंगलवार को के योग शिविर का प्रारंभ किया। और यौगिक जॉगिंग के अभ्यास करवाए। जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने योग साधकों को बताया कि योग करने से शारीरिक, मानसिक, व आध्यात्मिक विकास होता है। आज के समय में बढ़ते तनाव को दूर व कम करने के लिए योग सबसे अच्छा साधन है।

समस्या जवाहर नगर के लोगों का आने-जाने का बंद हो जाएगा रास्ता

रेलवे की दीवार बनी लोगों के जी का जंजाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

आदमपुर के जवाहर नगर इलाके में रेलवे द्वारा बनाई जा रही सुरक्षा दीवार स्थानीय निवासियों के लिए जी का जंजाल बन गई है। इस दीवार के निर्माण से गुस्साए और परेशान लोगों ने करीब एक महीने पहले रास्ता देने और निर्माण कार्य रोकने की मांग को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन भी किया था। स्थानीय लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जिला अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगाई थी और रेलवे विभाग को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन प्रशासन और विभाग की तरफ से फिलहाल कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। दोबारा शुरू हुई खुदाई, टूटी पेयजल पाइपलाइन रेलवे विभाग द्वारा एक बार फिर दीवार निर्माण के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों की चिंताएं और परेशानियां दोबारा बढ़ गई हैं। इस खुदाई कार्य के बीच में पेयजल सप्लाई की मुख्य पाइपलाइन भी आ रही है, जो कार्य में अड़चन डाल रही है। बताया जा रहा है कि लापरवाही से की जा रही खुदाई के कारण कुछ पानी की पाइपलाइनें टूट भी गई हैं, जिससे क्षेत्र में जल संकट का खतरा भी मंडराने लगा है। डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को मार्केट कमेटी के अध्यक्ष ठाकर दत्त पवार, राजन ग्रोवर और मनीष इलाहाबादी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीसी महेंद्र पाल से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए लिखा गया मांग पत्र भी डीसी को सौंपा और इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द कोई बीच का रास्ता निकालने की मांग की।

आदमपुर। जवाहर नगर साइड में रेलवे द्वारा बनाई जा रही दीवार के मध्य की गई खुदाई तथा टूटी पाइपलाइन

काटना पड़ेगा दो किमी का चक्कर

क्षेत्रवासियों का कहना है कि दीवार बनने से जवाहर नगर के सभी रास्ते पूरी तरह बंद हो जाएंगे। रेलवे स्टेशन जाने के लिए भी लोगों को 1 से 2 किलोमीटर का लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ेगा। इसका सबसे बुरा असर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर पड़ेगा। इसके अलावा सभी मुख्य कार्यालयों और बाजारों से संपर्क कट जाएगा। लोगों को रोजमर्रा के कामों और आपातकालीन स्थिति में मुख्य बाजार, बैंक, सरकारी व प्राइवेट अस्पताल, सरकारी दफ्तर, तहसील, पुलिस थाना, डाकघर, फायर ब्रिगेड, बिजली व जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय पर जाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

JINDAL STEEL

जिन्दल स्टील लिमिटेड

(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)
Website: www.jindalsteel.in | Email: investorcare@jindalsteel.in | Tel.: +91 124 6612000
jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

100 दिवसीय अभियान - "सक्षम निवेशक"
"01 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक - अपने विवरण अपडेट करें और अपने लाभांशों का दावा करें"

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए), कम्पनी मामलों का मंत्रालय (एमसीए), इसके संचार दिनांक 27 मार्च 2026 के तहत, शेयरधारकों जिनके लाभांश भुगतान किये बिना अथवा दावा किये बिना रह गये थे, को सुविधाजनक बनाने और उनके केवाईसी तथा सम्बन्धित रिकॉर्ड्स अद्यतन करने में उनकी सहायता करने के लिए द्वितीय 100 दिवसीय अभियान – "**सक्षम निवेशक**" में भाग लेने के लिए कम्पनियों से आग्रह किया।

तदनुसार, जिन्दल स्टील लिमिटेड (पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती) ने जिन शेयरधारकों का लाभांश दावा किये बिना रह गया था, पर फोकस करते हुए 01 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक 100-दिवसीय जागरूकता अभियान – "**सक्षम निवेशक**" पुनः प्रारम्भ किया है।

चूंकि शेयरों पर लाभांश भुगतान नहीं किये अथवा दावा नहीं किये गये लाभांशों सहित शेयरधारकों के लिए केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से भुगतानयोग्य है, राशि को केवल अपेक्षित सूचना / केवाईसी दस्तावेजों को अपडेट करने के पश्चात शेयरधारक के बैंक खाते में क्रेडिट किया जाएगा। तदनुसार, शेयरधारकों से अपने केवाईसी विवरण निम्नानुसार अद्यतन करने का आग्रह किया जाता है :-

- डिमैटीरियलाइज्ड (डिमैट) रूप में धारित शेयरों हेतु : अपने सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास केवाईसी विवरण अपडेट करें।
- भौतिक रूप में धारित शेयरों हेतु : कम्पनी को मार्कड एक प्रति सहित सम्बन्धित फोलियो के सम्बन्ध में केवाईसी विवरण रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास अपडेट करें। दस्तावेज विधिवत हस्ताक्षरित समर्थित दस्तावेजों सहित शेयरधारक की पंजीकृत ईमेल आईडी से ई-मेल द्वारा अथवा डाक द्वारा निम्नलिखित पते/सम्पर्क विवरण पर जमा करवाये जा सकते हैं :

रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट	कम्पनी
अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड अलंकित हाइट्स, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, इंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 Email: ramap@alankit.com Contact Number: 011-42541234	**जिन्दल स्टील लिमिटेड** जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 Email: investorcare@jindalsteel.in Contact Number: 0124-6616112

हम शेयरधारकों से आग्रह करते हैं कि निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि के पास भुगतान नहीं किये अथवा दावा नहीं किये लाभांशों के भविष्य में किसी हस्तांतरण से बचने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं और आवश्यक दस्तावेज जमा करवाएं।

कृते जिंदल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
दामोदर मित्तल
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00171650

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 23 जून 2026

खबर संक्षेप

भाविप ने लगाया रंगोत्सव एवं बाल संस्कार शिविर

बरवाला। भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा एवं रागनी आर्ट्स, बरवाला के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में आयोजित रंगोत्सव एवं बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी वन बरवाला के प्रधानाचार्य जिले सिंह शेखावत ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष संस्कार गतिविधि संयोजक टेकचंद मुदगल, सचिव राजेन्द्र भट्ट, सुनील अत्री, सुरेन्द्र गोयल, वीरेन्द्र शर्मा, जिले सिंह जाखड़, जसवंत लोहान, जिले सिंह एलआईसी, राजबीर, मदन सोनी, मास्टर सूरजमल, मास्टर सतीश वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में योगासन का महत्व समझाया

हिसार। चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा योग पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया। हिसार के सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान सभी ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, तितली आसन व श्वासन सहित अनेक आसन किए और योग का महत्व समझा। इस अवसर पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

श्री श्याम शाखा ने अर्बन एस्टेट में लगाया योग शिविर

हिसार। भारत विकास परिषद हिसार की श्री श्याम शाखा की ओर से भारतीय योग संस्थान के सहयोग से अर्बन एस्टेट-2 में स्थित हुडा पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं मातृ शक्ति ने भाग लिया। भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष सुरेश जांगड़ा व उनकी टीम के योग प्रशिक्षकों ने पार्क में उपस्थित योग साधकों को विभिन्न योगासन का अभ्यास करवाया। योग शिविर के समापन अवसर पर आए हुए सभी प्रतिभागियों को शाखा की तरफ से स्मृति चिंह भेंट किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप के जिला समन्वयक ऋषि राज बुड़ाकिया ने की।

योग से ऊर्जा व ध्यान से शांति की हुई अनुभूति

हिसार। ओशो ध्यान उपवन में योग व ध्यान पर आधारित विशेष आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस दौरान साधकों को योग व ध्यान के विविध आयामों से रूबरू करवाया गया। साधकों ने अंदर की यात्रा को समझा और उन्हें योग से ऊर्जा व ध्यान से शांति की अनुभूति हुई। प्रथम सत्र में योगाचार्य भगत सिंह योगी ने साधकों को योग क्रियाएं करवाते हुए नियमित योग का महत्व समझाया। स्वामी संजय ने साधकों को ध्यान की विभिन्न विधियों से अवगत करवाया और उन्हें दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

ग्रामीणों ने जताई सहमति, मिलेगा मुआवजा

किरमारा गांव में बिजली के खंभे व तार लगाने का विवाद सुलझा

मौके पर पहुंचे बिजली अधिकारियों ने दिया आश्वासन, वरिष्ठ इनेलो नेता प्रो. संपत सिंह के प्रयासों से बिजली निगम अधिकारियों से हुई वार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिले के गांव किरमारा में किसानों को मुआवजा दिए बिना बिजली के खंभे व तार लगाने के का विवाद सुलझ गया है। बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. आदित्य दहिया के साथ हुई ग्रामीणों की बैठक के बाद बिजली निगम के अधिकारी मंगलवार को किसानों के बीच पहुंचे और कहा कि उनकी जमीन व फसल का जो उचित मुआवजा बनता है, वो दिया जाएगा। इसके बाद किसानों ने अपनी जमीन में खंभे व तार लगाने की अनुमति दे दी। इनेलो प्रदेश सचिव एवं गांव निवासी दलबीर किरमारा व ग्रामीण प्रदीप कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नेता प्रो. संपत सिंह के प्रयासों से बिजली निगम के अधिकारियों से वार्ता सिरे चढ़ी।

प्रो. संपत सिंह ने तीन दिन पूर्व ग्रामीणों के धरने पर पहुंचकर मौके पर ही बिजली अधिकारियों से बातचीत करते हुए किसानों को उनकी जमीन व फसलों का मुआवजा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की बिना सहमति व बिना मुआवजा दिए उनकी जमीनों में खंभे गाडना व तारें लगाना गलत है। इस पर बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. आदित्य दहिया ने किसानों की कमेटी को पंचकूला में बातचीत के लिए बुलाया। बातचीत के बाद मंगलवार को बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ व अन्य गांव में पहुंचे और कहा कि नियमानुसार जो मुआवजा बनता है, वो दिया जाएगा। इस पर किसानों ने सहमति जताते हुए उन्हें खंभे व तार लगाने की अनुमति दे दी।

हिसार। ग्रामीणों के बीच पहुंचे बिजली अधिकारी बात करते हुए व उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ग्रामीणों में मुख्य रूप से प्रदीप किरमारा, धर्मपाल लोहचब, सरपंच टेकराम, पूर्व सरपंच चन्द्रभान, धर्मपाल, जुगबीर सिंह, छाजूराम, सुखपाल, दलबीर लोहचब, इन्द्राज पोशक, कृष्ण ठाकुर, ओम प्रधान, जगदीश व साधुराम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

याद बहुत आते हैं वो दिन...

जो रिश्ते निःस्वार्थ भाव से पनपते हैं पीढ़ियों तक महकती है उनकी फसल

अब पहले जैसा अपना पन कहां

एक दूसरे का दुख दर्द बांटना जरूरी



कुछ दिनों बाद जब दोबारा उस खेत का दौरा किया, तो बीमारी खत्म हो चुकी थी और फसल लहलहा रही थी। उस साल वहां 80 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की रिकॉर्ड पैदावार हुई। गदगद किसान ने मुझे 'मसीहा' कहा। इसके बाद अंबाला के सैकड़ों किसान हमसे जुड़ गए। किसानों की सेवा मेरे जीवन का हिस्सा बन गई। इसका सबसे खूबसूरत मोड़ 1996 में आया, जब मेरी उसी बेटी की शादी में अंबाला के कई किसान परिवार के सदस्यों की तरह आशीर्वाद देने पहुंचे। सच है, जो रिश्ते निःस्वार्थ भाव से बोए जाते हैं, उनकी फसल पीढ़ियों तक महकती है।

–डॉ. जेके डांग, *रिटायर्ड प्रोफेसर, हकृवि*

जब किसान की बेबसी के आगे पिघल गया एक कृषि वैज्ञानिक का दिल बात 3 अक्टूबर 1973 की है। मैं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार निदेशालय के तहत कृषि ज्ञान केंद्र, अंबाला में जिला विस्तार विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत था। उसी शाम मुझे परिवार सहित बहन की शादी में मदीना गांव (रोहतक) पहुंचना था। हम बस पकड़ने ही वाले थे कि यमुनानगर के जुड़िया गांव का एक परेशान किसान दफ्तर आया। उसकी 20-25 एकड़ धान की फसल अज्ञात बीमारी से बर्बाद हो रही थी। किसान के आंसू देख मेरा दिल पिघल गया। पत्नी की नाराजगी की परवाह किए बिना, मैं उसकी मोटरसाइकिल पर बैठकर खेतों की ओर निकल पड़ा। जांच के बाद मैंने पानी निकालने की सलाह दी और सटीक दवा लिखी। इस चक्कर में शादी के लिए सीधी बस छूट गई। भारी दिक्कतों का सामना करते हुए हम आधी रात को गांव पहुंचे और परिवार की नाराजगी भी झेली। लेकिन दिल में एक तसल्ली थी।

तरक्की की चाह में अपनों से दूर होते बच्चे

जातिवाद के खिलाफ मेरी लड़ाई बचपन में ही शुरू हो गई थी, जब एक अनुसूचित जाति के मित्र के घर सूखी रोटी और मिर्च का अचार खाने पर मुझे सहपाठियों के विरोध का सामना करना पड़ा। मगर मेरी सोच अडिग थी कि जब भगवान ने भेद नहीं किया, तो हम कौन होते हैं? इस सोच को व्यावहारिक रूप देते हुए मैंने अपनी तीन भतीजियों की शादियां अलग-अलग जातियों में करवाईं, जो आज खुशहाल जीवन जी रही हैं। सामाजिक समरसता के लिए इन बंधनों को तोड़ना बेहद जरूरी है। पहले बेटियों को चौथी-पांचवीं के बाद स्कूल से उठा लिया जाता था और कम उम्र में शादी कर दी जाती थी। आज इस रूढ़िवादी सोच में बड़ा बदलाव आया है। लड़कियों को पढ़ते और आत्मनिर्भर बनते देखना समाज के लिए एक बेहतरीन संकेत है। मगर आज की एक बड़ी विडंबना यह भी है कि बच्चे उच्च शिक्षा और करियर के लिए विदेशों में बस रहे हैं। माता-पिता बच्चों के भविष्य के लिए अपनी खुशियों की कुर्बानी दे देते हैं, लेकिन बाद में अकेलेपन से जूझते हुए दम तोड़ देते हैं। विदेशों में बैठे बच्चे केवल 'वीडियो कॉल' से श्रद्धांजलि देने को मजबूर हैं। इस कड़वी हकीकत को देखते हुए सरकार को आगे आना चाहिए और आधुनिक 'ओल्ड ऐज होम' बनाने चाहिए, ताकि बुजुर्ग जिंदगी का आखिरी पड़ाव सम्मान और सुरक्षा से जी सकें।

–पदम मेहता, जाट कॉलेज से रिटायर्ड

एसपी सिद्धांत जैन ने किया सिविल लाइन थाने का औचक निरीक्षण

हिसार। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सिविल लाइन थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, रिकॉर्ड रूम, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्य, शिकायत रजिस्टर, पुलिस कर्मियों के आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना रिकॉर्ड, लंबित शिकायतों, जांचाधीन मामलों तथा विभिन्न रजिस्टरों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधन को निर्देश दिए कि पुराने लंबित मामलों में माल मुकदमों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उद्घोषित अपराधियों, बेल जंपरों, वांछित अपराधियों तथा नशा तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान जारी रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में पौधरोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।



हिसार। सिविल लाइन थाना परिसर का दौरा करके जायजा लेते एसपी सिद्धांत जैन।

कोचिंग संस्थानों को सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने के निर्देश

हिसार। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र में संचालित प्रमुख कोचिंग संस्थानों के कोऑर्डिनेटर एवं संबंधित स्टाफ के साथ एक बैठक की। बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं संस्थानों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान कोचिंग संस्थानों को फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, फायर एग्जिट एवं आपातकालीन बचाव मार्गों को हर समय सुचारू रखने, कक्षाओं में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाने तथा भीड़भाड़ वाले एवं असुविधाजनक कमरों में कक्षाएं संचालित न करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त संस्थानों को प्रवेश एवं निकास मार्ग बाधारहित रखने, आपातकालीन गेट को उपयोग योग्य स्थिति में बनाए रखने, पर्याप्त खुली जगह उपलब्ध रखने तथा वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित ढंग से करवाने के लिए भी कहा गया, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

- थाना प्रभारी ने कोचिंग संस्थानों के कोऑर्डिनेटर एवं संबंधित स्टाफ के साथ एक बैठक

अमेरिका की नीतियों का किया विरोध

- मेहंदी कला प्रशिक्षण कोर्स के समापन पर किया विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कोर्स का समापन विशेष कार्यक्रम के साथ किया गया।

इस दौरान बच्चों ने योग प्रदर्शन करते हुए योग को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इसके साथ ही अमेरिकी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबजी भी की।

हिसार। देश विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य व शहरवासी। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय सह प्रमुख डॉ. सुनीता भरतवाल, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा, विभाग संयोजक डॉ. संजीव शर्मा, जिला संयोजक राकेश चराया, सुमन ऐरन महिला समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान, जिला कोर्डिनेटर विनय असीजा, भारत शर्मा जिला समन्वयक, अनिल शर्मा, डॉ. संध्या शर्मा विश्वविद्यालय प्रमुख, डॉ. पूनम, पुष्पा, सुनीता, सोनू गोयल, पूनम नागपाल व स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिसार। चुनाव के दौरान उपस्थित पूर्वांचल विकास मंच ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य।

पूर्वांचल विकास मंच ट्रस्ट हिसार के प्रधान पद पर केपी गुप्ता निर्वाचित

हिसार। पूर्वांचल विकास मंच ट्रस्ट, हिसार की एक आवश्यक बैठक आज संस्था के संरक्षक सुजीत कुमार कैमरी की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ट्रस्ट के प्रधान पद के लिए चुनाव सम्पन्न करवाना था। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सुरेश गोयल धूपवाला एवं रामचन्द्र गुप्ता ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाई। ट्रस्ट में कुल 22 मताधिकार प्राप्त सदस्य हैं, जिनमें से 17 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रधान पद के लिए के.पी. गुप्ता एवं सुनील सिंह चुनाव मैदान में थे। मतगणना के दौरान के.पी. गुप्ता को 9 मत तथा सुनील सिंह को 8 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार केपी गुप्ता ने एक मत से विजय प्राप्त की। चुनाव में संजय सिंह, निरंजन, संजय पासवान, रघुवीर यादव, शंकर गोस्वामी, सुनील गुप्ता, अजय, सुरेश प्रसाद, कल्याण कुमार, राम भोर, धर्मेन्द्र मौजूद रहें।

पीसीआर टीम ने 115 पेट्टी अवैध शराब पकड़ी

हिसार। पुलिस की पीसीआर-20 की रात्रि टीम ने चेकिंग के दौरान इंचार्ज एएसआई सुशील कुमार व उनकी टीम ने एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को करणी ढाबा के पास रोककर जांच की। गाड़ी पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। तलाशी लेने पर पिकअप से 115 पेटी माल्टा व शहनाई शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा वाहन एवं शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना आजाद नगर में आबकारी अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कारवाई अमल में लाई जा रही है। शराब सहित आरोपी चालक की पहचान भादरा तहसील के बेर निवासी राकेश के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पीसीआर-20 की टीम की सतर्कता, तत्परता एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुस्तैदी के कारण अवैध शराब की एक बड़ी खेप को बाजार में पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया गया।

संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रियता से काम करें कार्यकर्ता

प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की तैयारियों की समीक्षा

हिसार। बैठक में उपस्थित भाजपा जिला प्रभारी जवाहर सैनी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाजपा जिला हिसार की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय में हुई। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक का शुभारंभ भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला प्रभारी जवाहर सैनी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विशेष रूप से 26 जून को भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के हिसार आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी कार्यकर्ताओं से भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हिसार के मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री अनूप धानक सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को शक्त बनाने का आह्वान किया।

ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल की रीतिका ने जिले में किया टॉप

रीतिका।

- पुनर्मूल्यांकन के बाद रीतिका ने हरियाणा बोर्ड में पाया तीसरा स्थान

हिसार। भिवानी बोर्ड द्वारा मार्च 2026 में आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा में ब्लूमिंग चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखोद खेड़ा की प्रतिभाशाली छात्रा रीतिका ने इतिहास रच दिया है। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर रीतिका ने पुनर्मूल्यांकन के बाद 497 अंक हासिल कर पूरे हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले मूल परिणाम में उन्हें 488 अंक मिले थे। इस शानदार छलांग के साथ रीतिका ने न केवल प्रदेश में टॉप-3 में जगह बनाई, बल्कि पूरे हिसार जिले में प्रथम स्थान हासिल कर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रीतिका की इस अभूतपूर्व सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि यह शानदार उपलब्धि रीतिका की नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर ब्लूमिंग चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सतपाल एवं डायरेक्टर सुरेंद्र ने रीतिका को मिठाई खिलाकर बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन ने की वैक्सीनेशन नीति बनाने की मांग

हिसार। डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के राज्य प्रधान कैलाश श्योराण ने महानिदेशक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को पत्र लिखकर जिला सिरसा में अशोक वीएलडीए द्वारा वैक्सीनेशन कार्य के दबाव में आत्महत्या एवं करनाल में सुरेंद्र वीएलडीए पर पशुपालक द्वारा किए गए हमलों की घटनाओं पर जल्द कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। एसोसिएशन ने जल्द वैक्सीनेशन नीति बनाने की मांग की है। कैलाश श्योराण ने बताया कि पशु चिकित्सालय मधोसिंघाना (सिरसा) में नियुक्त वीएलडीए अशोक सहारण द्वारा आत्महत्या किए जाने का समाचार पूरे विभाग एवं वीएलडीए कैडर के लिए निराशा एवं दुखद पूर्ण रहा। एसोसिएशन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। एसोसिएशन ने मांग की है कि मौजूदा एवं आने वाले वैक्सीनेशन कार्यक्रम के लिए सभी संबंधित पक्षकार से सुझाव लेकर विभाग हित एवं कर्मचारी हित की वैक्सीनेशन नीति बनाई जाए। इसके अतिरिक्त वीएलडीएज को तुरंत वैक्सीनेशन, रजिस्ट्रेशन आदि कार्य का मानदेय देने व डाटा एंट्री के लिए मैनपावर उपलब्ध करवाई जाए व दोनों घटनाओं की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी का गठन किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

बैठक कुलपति ने समिति के सदस्यों को विषयों के बारे दी जानकारी

एचएयू के दौरे पर पहुंची हरियाणा विस की विशेषाधिकार समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक हरियाणा कृषि विवि में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं विधायक घनश्याम दास ने की। बैठक में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सहित समिति के सदस्य विधायक सावित्री जिंदल, विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक सरदार जरनैल सिंह, विधायक रामकरण, विधायक रणधीर पनिहार व विधायक अर्जुन चौटाला उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष एवं विधायक घनश्याम दास ने कहा कि विवि द्वारा उन्नत किस्म के बीजों, नवीनतम तकनीकों, अनुसंधान कार्यों एवं नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे किसानों के कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होने के साथ साथ उनकी आय में वृद्धि हो रही है। समिति के सदस्यों ने बैठक के दौरान कृषि विकास, किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा कृषि अनुसंधान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नवाचारों एवं अनुसंधान गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। विधायकों ने विवि की विभिन्न महत्वपूर्ण इकाइयों का अवलोकन भी किया। इनमें ऑरगेनिक फार्म, एग्री टूरिज्म सेंटर तथा सेंटर फॉर माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोएड लैब शामिल हैं। संबंधित अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने इन इकाइयों में संचालित गतिविधियों, आधुनिक तकनीकों तथा किसानों एवं विद्यार्थियों के लिए उनकी उपयोगिता के बारे में समिति सदस्यों को जानकारी दी।

हिसार। एचएयू में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के साथ हरियाणा विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि



हिसार। सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

स्वदेशी जागरण मंच ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

हिसार। स्वदेशी जागरण मंच ने विदेश में तीन भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट रोहित कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला सह संयोजक प्रदीप बामल, जिला सह संयोजिका ऋचा जांगड़ा, विभाग महिला प्रमुख मोना जैन, जिला महिला प्रमुख स्नेहलता, स्वदेशी सत्संग प्रमुख सतीश भुटानी, युवा स्वदेशी कार्यकर्ता नवीन कुमार व काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वदेशी जागरण मंच ने ज्ञापन के माध्यम से भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने एवं विदेश में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की है। इतना ही नहीं पीड़ित परिवारों को न्याय एवं उचित सहायता प्रदान करने की भी मांग रखी गई है।